(7) विजया बैंक

(8) कार्पोरेशन बैंक

(9) ओरियंटल बैंक आफ कामर्स

(ख) से (ङ) सूचना एकत्र की जा रही है और यथा उपलब्ध सूचना सभा पटल रख दी जाएगी ।

बैंकों का सांविधिक तरलता अनुपात

1998. **श्री शरद यादव** : क्या **प्रधान** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) उन राष्ट्रीयकृत बैंकों के नाम क्या हैं जिन्होंने पिछले वर्ष के दौरान सांविधिक तरलता अनुपात नहीं बनाए रखा तथा पिछले पांच वर्षों की संक्षिप्त रिपोर्ट क्या है ;

(ख) इन बैंकों के विरुद्ध क्या कार्यवाही की जा रही है और उन पर क्या दण्ड लगाया गया है ; और

(ग) भविष्य में इस प्रकार की अनियमितताएं रोकने के लिए क्या रण-नीति तैयार की जा रही है ?

वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री जनार्दन पुजारी) : (क) से (ग) भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा उपलब्ध कराई गयी सूचना के अनुसार 20 राष्ट्रीयकृत बैंकों में से 17 बैंक वर्ष 1986 में सांविधिक नकदी अनुपात का अपेक्षित प्रतिशत पूरी तरह से बनाए नहीं रख सके । इसके अलावा, भारतीय स्टेट बैंक समूह के 8 बैंकों अर्थात् भारतीय स्टेट बैंक और उसके अनुषंगी बैंकों में से 2 बैंक सांविधिक नकदी अनुपात बनाए नहीं रख सके ।

सांविधिक नकदी अनुपात न बनाए रख सकने वाले बैंक 1982 में 17, 1983 में 13, 1984 में 17 और 1985 में 19 थे ।

बैंकों को 13 सितम्बर, 1985 तक सांविधिक नकदी अनुपात में चूक पर दण्ड की माफी दी गयी थी । 14 सितम्बर, 1985 के बाद उन बैंकों को, जो निर्धारित माफी की सीमा से अधिक सांविधिक नकदी अनुपात नहीं बनाए रख सके, चूक की अवधि के अनुसार, बैंक दर से 3 और 5 प्रतिशत अधिक दंडात्मक ब्याज देना होता है । 14 सितम्बर, 1985 से 15 राष्ट्रीयकृत बैंकों को 11.34 करोड़ रुपये का दंडात्मक ब्याज अदा करना पड़ा । बैंकों से प्रारक्षित निधि अपेक्षाओं को बनाए रखने को उच्च प्राथमिकता देने के लिए कहा गया है । भारतीय रिजर्व बैंक ने आगे चलकर यह भी बताया है कि उन बैंकों का, जो सांविधिक नकदी अनुपात को नहीं बनाए रख सके, नाम और उन पर लगाए गए दण्ड को बताना वांछनीय नहीं होगा ।

Balance of payment

1999. SHRIMATI KRISHNA KAUL: Will the PRIME MINISTER be pleased to state:

(a) whether it is a fact that India's balance of payment has deteriorated during the last year;

(b) if so, the reasons therefor; and

(c) the steps taken to check the same?

THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF PETROLEUM AND NATURAL GAS AND THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF FINANCE (SHRI BRAHM DUTT): (a) The detailed Balance of Payments data for the year 1985-86 are not yet available. The foreign exchange reserves (excluding Gold and Special Drawing Rights), however increased by Rs. 567.57 crores during 1985-86.

(b) and (c) Do not arise.